न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 20/2025 बउनवानी रमेश चन्द मीना **बनाम** लो.सू.अधि.एवं तहसीलदार तलावडा निवासी –335 न्यू रेल्वे कॉलोनी, टूण्डला जिला फिरोजाबाद उ0प्रदेश 283204

GCMS No-2025/95

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज	
17.4.2025	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत दिनांक 30.12.2024 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार तलावडा को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर *"आय प्रमाण पत्र बनवाने की प्रकिया के बारे मे जानकारी"* तहसीलदर तलावडा से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19(1)के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं तलावडा को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं तलावडा की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांक: आरटीआई/25/87 दिनांक 9.4.2025 का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलान्ट के प्रार्थना पत्र दिनांक 30.12.2024 मे चाही गयी सूचना (आय प्रमाण पत्र बनवाने की प्रकिया) के संबंध मे तहसीलदार तलावडा द्वारा जरिये पत्रांक आरटीआई/25/21 दिनांक 27.01.2025 से अपीलान्ट को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाा चुका है कि तहसीलदार द्वारा आय प्रमाण पत्र जारी नही किया जाता है इसलिए आय प्रमाण पत्र बनाने की प्रकिया कार्यालय मे उपलब्ध नही है। अतः अपील अपीलान्ट खारिज किये जाने बाबत जवाब मे अंकित किया है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुॅचते है, कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 30.12.2024 को प्रेषित प्रार्थना पत्र में चाही गयी सूचना, (आय प्रमाण पत्र बनवाने की प्रकिया) के संबंध मे लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार तलावडा के पत्रांक/2025/21 दिनांक 27.01.2025 द्वारा अपीलान्ट को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है। ऐसी स्थिति मे अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। (शुभम चौधरी) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर	

Signature Not Verified

Digitally signed by Shubham Chaudhary
Date: 2025.06.25 18:10:04 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner